# जल विज्ञान एवं जल संसाधन
पर
# प्रथम राष्ट्रीय जल संगोष्ठी





**राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान**
जलविज्ञान भवन, रुड़की- 247667 (उत्तराखंड)
फोन:- 01332-272106, फैक्स:- 01332-272123,
Email: nihmail@nih.ernet.in, Web: www.nih.ernet.in

जलविज्ञान एवं जल संसाधन
पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
15-16 दिसम्बर, 1995, रुड़की

# मणिपुर राज्य में भूमिजल की रासायनिक गुणवत्ता

राम प्रकाश[1] फनि कुमार कोंवर[2]

## सारांश

मणिपुर राज्य के भूमिजल का रासायनिक विश्लेषण परिणाम यह प्रदर्शित करते हैं कि भूजल में कैल्शियम और मैगनीशियम मुख्य धनायन हैं केवल थूबल जिले में सोडियम व पोटेशियम धनावेश पाये गये हैं । जैसे–जैसे हम घाटी की तरफ बढते हैं कैल्शियम व मैगनीशियम आयनों की अघुलनशीलता बढ़ जाती है और इनकी मात्रा घटने लगती है। इससे सोडियम व पोटेशियम धनावेश अधिक होने लगते हैं । ऋणावेश मुख्यतः बाइकार्बोनेट एवं सल्फेट हैं लेकिन थूबल जिले में क्लोराइड मुख्य ऋणावेश है ।

सूक्ष्म तत्वों की सघनता उत्तर से दक्षिण की तरफ चलने पर बढती है । घाटी में लैड, लीथियम, जिंक आदि बहुतायत से थूबल जिले में पाये जाते हैं । कुछ स्थानों को छोड़कर जंहां पर लैड, आइरन, लीथियम तथा चालकता अधिक पाई गई है । साधारणतः राज्य का भूमिजल पीने एवं कृषि कार्य हेतु उपयुक्त है ।

**प्रस्तावना**

देश की अधिकांश आबादी भूमिजल को पीने एवं कृषि के लिये सदियों से प्रयोग करती चली आ रही है । विभिन्न प्राकृतिक परिवर्तनों से भूमिजल में उपयोगी तथा अनुपयोगी आयन घुलमिल जाते हैं । यह आवेश विभिन्न जैविक एवं घरेलू क्रियाओं में सीधे या परोक्ष रूप से विपरीत प्रभाव डालते हैं, इसलि इन आवेशों की उपस्थिति एवं मात्र जानना नितान्त आवश्यक है ।

मणिपुर राज्य भूगर्भ संरचना के अनुसार मुख्यतः जयंतिया और दिसांग प्रारूप से घिरा है और इसमें क्रोमाइट, कापर, लोहा, निकिल, चूना आदि के अयस्क मिलते हैं । राज्य की भूमिजल का रासायनिक विश्लेषण करने पर इसमें क्लोराइड 8946 मि0ग्रा0/ली0, सोडियम 6600 मि0ग्रा0/ली0, लोहा 11 मि0ग्रा0/ली0, चालकता 27900 मा0सी0/सेमी0, क्रोमियम 30 मा0ग्रा0/ली0, मैंगनीज 970 मा0ग्रा0/ली0, कापर 40 मा0ग्रा0/ली0, लीथियम 3150 मा0ग्रा0/ली0, रूबिडियम 130 मा0ग्रा0/ली0, लेड 270 मा0ग्रा0/ली0 तक कुछ स्थानों पर पाया गया जो कि विभिन्न अनुमोदित मापदण्डों से अधिक है ।

---

1 आंचलिक रासायनिक प्रयोगशाला, कालापहाड़, गुवाहाटी – 781 016
2 आंचलिक रासायनिक प्रयोगशाला, कालापहाड़, गुवाहाटी – 781 016

**भौगोलिक स्थिति**

मणिपुर राज्य पूर्वोत्तर भारत का एक राज्य है और भौगोलिक दृष्टि से N lat $23^0 50'$ से $25^0 45'$ तथा E long $93^0 00'$ से $94^0 45'$ तक फैला हुआ है । इसका कुल क्षेत्रफल 22,327 वर्ग किमी0 है लेकिन ज्यादातर भाग पहाड़ी होने के कारण केवल 8.3% ही धान की खेती के लिये प्रयोग में लाया जाता है । राज्य की राजधानी इम्फाल, गौहाटी और पूरे भारत से राष्ट्रीय राजपथ 39 और 44 द्वारा जुड़ी हुई है । इसके चारों ओर बर्मा, नागालैण्ड, मिजोरम और आसाम की सीमायें हैं ।

**जलघटक एवं स्वास्थ्य**

भूमिजल की रासायनिक संरचना विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुमोदित सारणी-1 में दी गयी है । क्लोराइड शरीर में गुर्दे एवं हृदय, सोडियम उच्च रक्त दाब, लोहा हीमोक्रोमेटोसिस, कैडमियम से श्वासनली, मैंगनीज से मैंगनीज्म, लैड से जहर आदि जैविक प्रभाव पाये गये हैं । और इनकी जैविक क्रियाओं पर प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सम्पूर्ण राज्य के भूमिजल का रासायनिक विश्लेषण किया गया ।

**भूगर्भ संरचना**

मणिपुर राज्य का दो तिहाई हिस्सा पहाड़ी है और दिसांग एवं जयंतिया प्रारूप (इयोसीन) का बना हुआ है । जयंतिया प्रारूप में कहीं कहीं पर चूने के पत्थर भी पाये जाते हैं । शेष एक तिहाई भाग बराइल और सूरमा सरंचना से बना हुआ है । मध्य भाग में एलूबियम भी पाया जाता है ।

**खनिज अयस्क**

राज्य में अधिकांशतः खनिज लटकट झील के आसपास पाये गये हैं और इनमें क्रोमाइट, लौह, कापर, निकिल, चूना, तेल एवं प्राकृतिक गैस मुख्यतः हैं । इन खनिजों की विलयशीलता पर ही भूमिजल की रचना निर्भर करती रहती है ।

**भूमि जल की रासायनिक संरचना**

मणिपुर राज्य से एकत्रित भूमिजल के नमूनों का रासायनिक संगठन सारणी-2 एवं 3 में दर्शाया गया है और जिलानुसार निम्न रूप से व्यक्त किया जा सकता है :–

1- बिशनपुर जिला : यह राज्य के मध्य का जिला है और इसमें लौह की मात्रा आवश्यकता से अधिक पाई गई है अतः पीने के पूर्व इसे साफ करना आवश्यक है ।

2- चन्देल जिला : इस राज्य में लौह 1.4 मि0ग्रा0/ली0, मैंगनीज 396 मा0ग्रा0/ली0, जिंक 210 मा0ग्रा0/ली0 कुछ जगहों पर पाया गया है । अन्य पेयजल स्रोत की अनुपस्थिति में इसे प्रयोग में लाया जा सकता है ।

3- चूराचांदपुर जिला : इस जिले में जल थोड़ा क्षारीय प्रकृति का तथा लोहा 5.2 मि0ग्रा0/ली0 तक पाया गया है । लौह की सफाई पीने के पूर्व जरूरी है ।

4- इम्फाल जिला : विद्युत चालकता 800 मा0सी0/सेमी0 एवं सोडियम 50 मि0ग्रा0/ली0 तक भूमिजल में पाये जाने वाले इस जिले में मैगनीज 200 मा0ग्रा0/ली0 एवं रूबीडियम 66 मा0ग्रा0/ली0 तक पाया गया है अन्यथा पानी पीने योग्य है ।

5- सेनापति जिला : इस जिले का पानी पीने के योग्य है । सेनापति के सेकमई स्थान पर मैगनीज 1247 मि0ग्रा0/ली0, जिंक 476 मा0ग्रा0/ली0 पाई गई है ।


6- तमेंगलांग जिला : विद्युत चालकता तथा सोडियम की मात्रा पानी की उपयोगिता को घटा देती है अन्यथा बाकी तत्व निर्धारित मात्रा के अन्दर हैं ।

7- थूबल जिला : राज्य के मध्य में स्थित इस जिले में चालकता 27900 मा0सी0/ली0, क्लोराइड 8946 मि0ग्रा0/ली0, सोडियम 6600 मि0ग्रा0/ली0, लोहा 11 मि0ग्रा0/ली0, मैंगनीज 970 मा0ग्रा0/ली0, निकल 150 मा0ग्रा0/ली0, लैड 270 मा0ग्रा0/ली0, लीथियम 3150 मा0ग्रा0/ली0 तक वाइखांग में पाया गया है और यह पानी जैविक दृष्टि से पीने के लिये बिल्कुल अनुपयुक्त है ।

सारणी-1

घरेलू प्रयोग के जल का रासायनिक मापदण्ड

| संघटक | Unit | Guideline Value |
|---|---|---|
| एलूमिनियम | mg/l | 0.2 |
| आर्सेनिक | mg/l | 0.05 |
| कैडमियम | mg/l | 0.005 |
| कैल्शियम | - | no guideline value |
| क्लोराइड | mg/l | 250 |
| क्रोमियम | mg/l | 0.05 |
| कापर | mg/l | 1.0 |
| चालकता | μs/cm | 1600 |
| फ्लोराइड | mg/l | 1.5 |
| कठोरता | mg/l | 500 |
| लोहा | mg/l | 0.3 |
| लैड | mg/l | 0.05 |
| मैनीज | mg/l | 0.1 |
| मरकरी | mg/l | 0.001 |
| नाइट्रेट | mg/l | 45 |
| पी0एच0 | - | 6.5 - 8.5 |
| सल्फेट | mg/l | 400 |
| सम्पूर्ण ठोस | mg/l | 1000 |
| जिंक | mg/1 | 5 |




CGWB/NER/D.O. NO-2961/95/B.B.D

सारणी - 2

मणिपुर राज्य में भूमिजल में रासायनिक तत्वों का जिलेवार वितरण

| District | pH | EC | Cl | $No_3$ | F | $PO_4$ | TH | Ca | Mg | Na | K | Fe | $SiO_2$ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | μs/cm | | | (सांद्रता मि०ग्रा०/लि०) | | | | | | | |
| बिशनपुर | 6.90-7.70 | 88-170 | 11-18 | .1-.1 | 1.2 | 0-.1 | 34-45 | 8-8 | 4-6 | 6-7 | 1-2 | .8-1.5 | 2-4 |
| चंदेल | 7.91-8.00 | 209-399 | 31-36 | 2-.5.6 | 0-.1 | .1-.5 | 25-100 | 8-26 | 1-8 | 17-25 | 2-4 | .2-1.4 | 10-18 |
| चूराचांदपुर | 8.02-9.20 | 355-400 | 25-31 | 0-.2 | 0-0 | 0-.1 | 100-140 | 18-28 | 13-17 | 13-16 | 1-2 | .2-5.2 | 6-8 |
| इंफाल | 8.10-8.31 | 227-830 | 21-81 | .4-1.5 | 0-.1 | 1-2 | 50-215 | 12-54 | 5-19 | 15-50 | 3-20 | .2-1.2 | 8-30 |
| सेनापति | 7.54-8.14 | 86-681 | 11-60 | 0-1.8 | 0-0 | .1-.1 | 20-155 | 2-32 | 4-18 | 6-38 | 3-31 | .4-1.5 | 10-15 |
| तसेंगलांग | 8.47-8.50 | 351-1000 | 14-21 | 0-2.2 | .2-.5 | .1-1.1 | 120-185 | 14-30 | 11-36 | 7-108 | 3-16 | .6-2 | 11-20 |
| भूबल | 7.83-8.38 | 554-27900 | 11-8946 | 0-2.7 | 0-.2 | .2-.7 | 100-250 | 20-42 | 12-46 | 15-6600 | 4-34 | .3-11 | 13-18 |

सारणी – 3

मणिपुर राज्य के भूमिजल में सूक्ष्म तत्वों का जिलेवार वितरण

| District | Ag | Cd | Co | Cr | Cu | Mn | Mo | Ni | Pb | Zn |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (range of ions in microgram per litre) | | | | | | | |
| बिशनपुर | 1-1 | - | 5-5 | 4-4 | 7-7 | 31-31 | 40-40 | 12-12 | 10-10 | 105-105 |
| चंदेल | 2-2 | 0-1 | 9-24 | 1-6 | 4-11 | 278-396 | 20-30 | 15-70 | 8-11 | 97-210 |
| चूराचांदपुर | - | - | 7-7 | 2-2 | 8-8 | 38-38 | 40-40 | 9-9 | 15-15 | 37-37 |
| इंफाल | 1-2 | 1-1 | 5-7 | 1-3 | 7-11 | 41-220 | 20-30 | 10-16 | 12-22 | 34-52 |
| सेनापति | 1-2 | 1-2 | 3-10 | 1-2 | 4-8 | 102-1274 | 10-60 | 10-30 | 7-22 | 73-474 |
| तमेंगलांग | 2-2 | 2-2 | 8-8 | 5-5 | 7-7 | 76-76 | 60-60 | 37-37 | 23-23 | 86-86 |
| थूबल | 1-31 | 1-30 | 2-19 | 2-30 | 4-40 | 15-970 | 50-70 | 10-150 | 10-270 | 90-316 |